News सिटी चीफ
वर्ष-15, अंक-143
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**
निंदा का उद्गम ही हीनता और कमज़ोरी से होता है।
- हरिशंकर परसाई

# बिहार सिटी चीफ



सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार
CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM
बिहार, मंगलवार 27 अगस्त 2024

**स्कूल नहीं आते थे ज्यादातर छात्र-छात्राएं**

## हॉस्टल में ही रहते थे, प्रिंसिपल ने कराई जांच, मचा हड़कंप



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**
जमुई, बिहार के टॉपर्स की फैक्ट्री कहे जाने वाली जमुई जिले के सिमुलतला आवासीय विद्यालय के छात्र और छात्राओं के पास से तीन सौ से अधिक मोबाइल फोन मिला है. हॉस्टल के कमरों से मोबाइल मिलने के बाद सभी हैरान है कि आखिर यह सब कब से और कैसे चलते आ रहा है; जिस आवासीय स्कूल में छात्र या छात्राओं को मोबाइल रखने से मनाही है. वहां एक दो नहीं जांच के द्वारा लगभग 300 मोबाइल फोन चार्जर समेत पाया गया है. छात्र-छात्राओं के हॉस्टल वाले कमरों से किताबें और अलमीरा से इतनी बड़ी संख्या में मोबाइल मिलने के बाद सब के होश उड़े हैं.जानकारी के अनुसार शनिवार को स्कूल के सभी क्लास रूम में बच्चों की उपस्थिति कम देखी गई, तब प्रभारी प्राचार्य के कहने पर शिक्षकों ने गर्ल्स और बॉयज हॉस्टल की जांच शुरू की. तब पता चला कि हॉस्टल के कमरे में बाहर से ताला लगा था और अंदर प्रत्येक कमरे में चार से पांच छात्र सो रहे थे. हॉस्टल के कमरों की जांच की गई तो बड़ी संख्या में मोबाइल मिला है. मोबाइल पकड़े जाने के बाद छात्र आक्रोशित हो गए और मारपीट का आरोप लगाकर तोड़फोड़ भी किया.

स्कूल के प्रभारी प्राचार्य सुनील कुमार ने कहा कि यह बेहद संवेदनशील मामला है. स्टूडेंट्स देर रात तक मोबाइल में ही वीडियो आदि देखते रहते हैं और स्कूल नहीं आते हैं. हर क्लास में स्टूडेंट्स की संख्या बेहद कम रहती है.

अभी सभी विषयों के टीचर्स मौजूद हैं और क्लासेस लग रही हैं, लेकिन ज्यादातर बच्चे हॉस्टल में सोते रहते हैं. दूसरी बात है कि इतने महंगे मोबाइल फोन इनके पास कैसे आए हॉस्टल और स्कूल परिसर को मोबाइल फ्री जोन बनाया गया है, ताकि बच्चे अच्छे से पढ़ सकें. उन्होंने कहा कि डीएम इस स्कूल के अध्यक्ष हैं, उन्हें कार्रवाई की सूचना देकर मार्गदर्शन मांगा है और फिर आगे की कार्रवाई होगी.

इधर, सिमुलतला आवसीय विद्यालय के छात्र अमित कुमार, छात्र गौतम और अन्य ने कहा कि मोबाइल तो पढ़ाई के लिए इस्तेमाल हो रहा है. इससे पहले यहां टीचर्स नहीं थे तो कैसे पढ़ाई करते टीचर्स आ गए हैं तो मोबाइल को वापस कर देंगे. दूसरा जांच और मोबाइल जब्त करने में छात्रों को पीटना और अलमारी में रखे पैसे भी उठा लेना कैसे ठीक माना जाएगा. टीचर्स का ऐसा व्यवहार ठीक नहीं है. टीचर्स हमारे लिए भगवान हैं, लेकिन पैसों की चोरी तो हुई है और सामान की तोड़-फोड़ भी की गई है.

**कहा - बुलो मंडल तो $@ है सा@, सांसद अजय मंडल पर भी की आपत्तिजनक टिप्पणी**

## JDU के बड़बोले विधायक के बिगड़े बोल

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**
भागलपुर, सीएम नीतीश कुमार के करीबी नेता और जदयू के बड़बोले विधायक के रूप में अपनी पहचान रखने वाले नेता गोपाल मंडल ने एक बार फिर अपनी ही पार्टी के नेता को लेकर विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि यहां का सासंद अजय मंडल काला नाग हैं। इसके अलावा उन्होंने बुलो मंडल पर भी आपत्तिजनक टिप्पणी की है।







गोपाल मंडल ने अपनी ही पार्टी यानी जेडीयू के सांसद अजय मंडल और जेडीयू के अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बुलो मंडल पर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। जदयू के विधायक न भागलपुर सांसद को उनके सांवले रंग के कारण काला नाग तक कह दिया। सबसे बड़ी बात यह है कि विधायक यहीं नहीं रुके उन्होंने बुलो मंडल को कमीना तक कह दिया।

दरअसल बिहपुर विधानसभा के एनडीए कार्यालय में जेडीयू नेताओं के बैठक का आयोजन किया गया था। इस दौरान मंच पर बिहपुर विधायक और अन्य नेताओं के साथ गोपालपुर विधायक गोपाल मंडल भी मौजूद थे। ऐसे में जब विधायक गोपाल मंडल को माइक दिया गया तो अपनी ही पार्टी के दो बड़े नेताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने लगे।

गोपाल मंडल ने बुलो मंडल को गाली देते हुए कहा कि उसके पर गोली चला था हम उसके दुश्मन को मरवा कर एनकाउंटर लिखवा दिये थे। लेकिन वो कमीना क्या किया हमको ही नहीं पूछने लगा दोनों नाग है एक गोरा नाग एक काला नाग शाला उस नाग से बचिएगा। हम फाइटर आदमी है गलत आदमी धरा जाए तो मुंडी छोड़कर समूचा धर अलग हो जाएगा। बुलवा कोई बोलता है कोई मुंहे में थप्पड़ मारेंगे।

गोपाल मंडल ने आगे कहा कि क्या जरूरी था उसको अतिपिछड़ा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने का वो तीस मार खां बनने लगा। राजद से भगा दिया तो अब जेडीयू में आ गया है। आगे जेडीयू सांसद पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि उसके पास संसाधन है रुपये का कमी नहीं है गाड़ी से वसूली किया है। हर दिन उसके घर में एनटीपीसी से पांच लाख आता है।

इसके आगे उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान हम अजय मंडल को बोले सभी को संसाधन मुहैया करवाइए। इतना ही नहीं आगे उन्होंने बिहार के सभी थानाध्यक्षों पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि थानाध्यक्ष बिना पैसा लिए कुछ काम नहीं करता है। हम तो थानेदार को गाली गलौज ही करते हैं। हम पैसा नहीं देते हैं।

**खेत में मिला दो दिन से गायब युवक का शव**

## गले में मिले धारदार हथियार के निशान

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**
बक्सर, बिहार में अपराधियों का तांडव लगातार जारी है। राय के अंदर आए दिन लोगों की हत्या कर दी जा रही है। इसी कड़ी में अब एक ताजा मामला बक्सर से निकल कर सामने आ रहा है। जहां एक युवक का शव खेत से बरामद किया गया है। इस घटना के बाद इलाके में अफरातफरी का माहौल कायम हो गया। फिलहाल, घटना की सुचना नजदीकी थाने के पुलिस को दे दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार, तियारा में एक युवक का शव खेत से बरामद किया गया है। यहां लाश खेत के एक गड्ढे में पड़ी हुई थी। यह घटना सोमवार की बताई जा रही है। सुबह सुबह किसान अपने खेत की तरफ जा रहे थे। तभी लाश की बदबू आई उन्होंने लाश की तरफ आगे बढ़ा तो गड्ढे में पड़ी हुई थी।

यह युवक अपने घर से दो दिनों से लापता था। उधर, ग़ायब युवक के पिछले दो दिनों से तलाश की जा रही थी। उसकी गर्दन पर धारदार हथियार का निशान है। ऐसा कयास लगाया जा रहा है कि युवक की हत्या धारदार हथियार से की गई है। युवक की पहचान राजपुर थाना क्षेत्र के तियरा गांव निवासी राधेश्याम सिंह के 20 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार के रूप में की गई है। परिजनों का कहना है कि अंकित बाहर किसी कंपनी में काम करता था। जिससे घरवालों का खर्चा भी चलता था। अभी वह 10 दिनों पहले छुट्टी में आया था। वहीं, स्थानीय लोगों की ऐसी आशंका है कि युवक की हत्या प्रेम प्रसंग में की गई है। वहीं पुलिस का कहना है कि शव को देखकर लगता है कि युवक की हत्या धारदार हथियार से गला रेतकर की गई है। इसके अलावा कई अन्य विंदुओ पर भी जांच की जा रही है। 24 अगस्त को मृतक के पिता द्वारा थाना में गायब होने की सूचना दी गई थी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### फूलियाकलां: जय गोपाल भवन पर उमड़ रहा है श्रद्धा का सैलाब

कृष्ण जन्माष्टमी पर किया गया है भगवान कृष्ण की विभिन्न लीलाओं का सजीव चित्रण, कृष्ण जन्म, कंश दरबार, माखन चोर, कृष्ण सुदामा मिलन, हरिणाकश्यप वध, जल विहार, खाटू श्याम दरबार सहित अन्य झांकियों का किया गया सजीव चित्रण, मुकेश तोषनीवाल और उनकी धर्मपत्नी सीमा देवी के निर्देशन मे सजाई गई है झांकियां, झांकियो को देखने पहुंचे हजारों की संख्या मे ग्रामीण, बरसात के बावजूद आकर्षक सजी झांकियो को देख ग्रामीण हुए गदगद,झांकी महोत्सव में अपना घर आश्रम से पधारे राज भाई और स्नेक रेस्क्यू टीम से दीपिका का जय गोपाल परिवार एवं ठीम भगत सिंह आर्मी ने दुपट्टा पहना कर स्वागत सत्कार किया।

## सरकार से मिले छोटे सरकार, गरमाई राजनीति

**पटना।** मोकामा के पूर्व बाहुबली विधायक अनंत सिंह जो छोटे सरकार के नाम से भी जाने जाते हैं। रविवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। मुख्यमंत्री आवास में दोनों की मुलाकात हुई और आधे घंटे तक दोनों के बीच विभिन्न मुद्दों को लेकर बात हुई। कुछ दिनों पूर्व ही पटना हाई कोर्ट ने अनंत सिंह को एके-47 बरामदी मामले में रिहा किया था। उसके बाद करीब 5 साल से जेल में बंद अनंत सिंह की रिहाई हुई। अब अनंत सिंह की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात एक लंबे अंतराल के बाद हुई है।

जेल से निकलने के बाद पहली बार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से यह उनकी मुलाकात है। सीएम नीतीश से मुलाकात पर उन्होंने कहा कि हमारा कुछ काम था। हम क्षेत्र (मोकामा) में गए थे। वहां की जनता ने जो बताया था उसी को लेकर हमने मुख्यमंत्री को बताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि काम हो जाएगा। इस बीच अनंत सिंह ने घोषणा किया कि वह अगले वर्ष होने वाले विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे।



उनसे पूछा गया कि आने वाले समय में किसकी सरकार बनेगी तो उन्होंने कहा कि जो मुख्यमंत्री है वही रहेंगे। यानी सीएम नीतीश के फिर से सत्ता में वापसी करने और उनके मुख्यमंत्री बनने की उन्होंने भविष्यवाणी की। वहीं तेजस्वी यादव के बारे में उनसे पूछा गया कि तेजस्वी यादव ने कहा है कि आपको मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जेल से बाहर कराया है तो उन्होंने कहा कि इन सब बातों पर मैं नहीं कोई बयान दूंगा।

**मेरी बची का रेप और मर्डर हुआ लेकिन सारे सबूत मिटा दिए**

## मृतका की मां ने RJD कार्यालय में लगाई गुहार

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**
मुजफ्फरपुर, मुजफ्फरपुर में नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार के बाद हत्या की बात उजागर हुई थी और जमकर बवाल हुआ था. कोलकाता की घटना के बाद मुजफ्फरपुर की घटना को लेकर भी सवाल खड़े किए गए थे. पीड़ित परिवार आज भी न्याय के लिए भटक रहा है. वहीं अब इस मामले को लेकर राजनीति में शुरू हो गई है. पटना में राष्ट्रीय जनता दल के नेताओं ने पीड़ित परिवार के साथ एक प्रेस कांफ्रेंस कर पुलिस प्रशासन पर जमकर हमला किया.मृतका के मां के आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं. मां ने कहा कि मेरी बेटी की हत्या की गई है और दुष्कर्म की घटना भी हुई है. दोषियों को शीघ्र



गिरफ्तार किया जाना चाहिए. मृतक लड़की की मां न्याय के लिए दर-दर भटक रही है. उन्होंने बताया कि उनकी बेटी की मौत संदिग्ध अवस्था में हो गई थी. साथ ही वह पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठा रही हैं.मां ने आगे बताया कि पुलिस ने मामले में कोई कार्रवाई नहीं की. सिर्फ लड़की के पिता के आने का इंतजार कर रहे थे. जबकि उसके पिता दूसरे जिले में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं. उनको आने में काफी समय लगा. तब तक मेरी बेटी का शव वैसे ही रहा. पुलिस ने किसी से कोई पूछताछ नहीं की. मेरे पति के आने के बाद लाश को नीचे उतारा गया. फोरेंसिक टीम भी काफी हड़बड़ी में जांच कर रही थी. ना ही छत की लंबाई नापा ना ही मेरी बची की हाइट नापा गया. गलत रिपोर्ट तैयार कर दिया गया. डेथ का टाइम भी नहीं दिया गया.

पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए राष्ट्रीय जनता दल परिवार आगे आया है. पीड़ित परिवार, राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश कार्यालय में पहुंचा और न्याय की गुहार लगाई. राष्ट्रीय जनता दल ने मामले को जोर-जोर से उठाया है. पार्टी के मुख्य प्रवक्ता शक्ति यादव ने सरकार को कटघरे में खड़ा किया है.

**छोटी सी बात पर गर्लफ्रेंड ने काट दिया प्राइवेट पार्ट**

## बिहार के शादीशुदा शख्स को रिलेशनशिप में रहना पड़ गया महंगा



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**
बिहार के रहने वाला विजय कमाने के लिए पत्नी को छोड़कर आंध्र प्रदेश चला गया। जहां तोरांगुडीपाडु गांव में वो डेयरी का काम करने लगा। इसी दौरान उसकी मुलाकात बिहार की रहने वाली सीता नाम की लड़की से हो गयी। दोनों ने अपना परिचय एक दूसरे को दिया। जब पता चला की दोनों बिहार के ही रहने वाले हैं। तब दोनों में अच्छी दोस्ती हो गयी।

कुछ दिन बाद दोनों ने लिव इन रिलेशन में रहने का फैसला लिया। सीता को विजय ने बता दिया था कि उसकी शादी हो चुकी है और उसकी पत्नी बिहार में गांव पर रहती है। वो यहां कमाने के लिए आया है। सीता भी जानती थी की विजय शादीशुदा है लेकिन इसके बावजूद वो उसके साथ पिछले 4 महीने से रहती थी। अब उसकी नजर विजय के पैसे पर टिकी थी।

जिसे विजय अपने गांव पत्नी के पास भेजा करता था। एक दिन जब विजय ने अपनी पत्नी को पैसा भेजा तो उसकी प्रेमिका सीता आगबबूला हो गयी। उसने आव देखा ना ताव घर में रखे चाकू से विजय के प्राइवेट पार्ट को काट डाला। घटना आंध्र प्रदेश के प्रकाशम जिले में की है। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गयी। गुप्तांग काटे जाने से विजय बुरी तरह लहुलुहान हो गया।

उधर घटना को अंजाम देने के बाद प्रेमिका फरार हो गयी। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया और पूरे मामले की छानबीन शुरू की। पीड़ित विजय ने पुलिस को बताया कि वो बिहार का रहने वाला है और जिस लड़की के साथ वो रिलेशनशिप में रह रहा था वो भी खुद को बिहार की रहने वाली बताई थी।

बिहार में नौकरी और कोई जॉब नहीं मिला तो वह आंध्रप्रदेश में काम करने के लिए चला आया जहां बड़ी मेहनत से वो डेयरी चला रहा था और कमाई के पैसे अपने गांव पत्नी के पास भेजा करता था। पिछले चार महीने से वो सीता के साथ रिलेशन में रह रहा था लेकिन जब भी वो अपनी पत्नी को पैसे भेजता सीता इसका विरोध किया करती थी और नाराज हो जाती थी।

खाना खाने के बाद जब वो बेड पर सोने गया तब सीता ने उस पर हमला कर दिया।

पहले हाथ पैर को रस्सी से बांध दिया फिर किचेन से चाकू लाकर उसके गुप्तांग को काट दिया। फिलहाल पुलिस सीता नामक लड़की का पता लगाने में जुटी है। पीड़ित का अस्पताल में इलाज चल रहा है।